# विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का नामी कम्पनी में चयन

पंतनगर। 1 अगस्त 2025। विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय में मैसर्स एडु–वर्सिटी कम्पनी द्वारा मूल्यांकन परीक्षण एवं साक्षात्कार के आधार पर विश्वविद्यालय के 6 विद्यार्थियों क्रमशः सुषमा एवं दिव्यांश जोशी (बी.टेक बायोटेक्नोलॉजी), सौमी मंडल (एम.एससी. एजी. मोलिक्यूलर बायोलाजी एण्ड बायोटेक्नोलाजी), निखिलेश सिंह बीटेक (एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग), संध्या राज (एम.टेक इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग) तथा समृद्धि जोशी (बीएससी ऑनर्स, एजी) का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के उपरान्त 8 लाख रुपये प्रतिवर्ष के साथ ही अन्य सुविधाएं देय होगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासो की सराहना की तथा चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशक डा. एम. एस. नेगी और सह निदेशक डा. गीता पाठक ने भी सफल विद्यार्थियों को बधाई दीं व चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये बताया कि पूर्व की भांति भविष्य में भी निदेशालय अन्य क्षेत्रों में भी विद्यार्थियों के सेवायोजन हेतु प्रयासरत रहेगा।





